आभार दिवस (Gratitude Day)

21 सितम्बर 2023

उद्देश्यः–

- समाज के आवश्यक अंग के रुप में कार्यरत कार्मिकों को उनके अमूल्य योगदान के लिए द्विवर्षीय डी0एल0एड0, द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं द्वारा उनका आभार व्यक्त करना।
- प्रशिक्षुओं को श्रम की महत्ता बताना।
- प्रशिक्षुओं में सभी के लिए आभार की भावना विकसित करना।

आख्याः–दिनांक 21 सितम्बर 2023 को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान देहरादून में 'आभारदिवस' का आयोजन हुआ, यह दिवस हमारे जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में भूमिका निभाने वाले व्यक्तियों (पुलिस, सफाई कर्मचारी, नर्स, नाई, गार्ड, माली, कैन्टीन संचालक, पोस्टमैन आदि) को आभार प्रकट करने तथा उन्हें धन्यवाद देने के लिए मनाया जाता है। संस्थान में इसे प्रत्येक वर्ष मनाने के लिए यह पहल की गयी।

आभार दिवस से एक दिन पहले सभी प्रशिक्षुओं तथा शिक्षकों के समूह बनाये गये तथा कुछ आभार उपहार खरीदे गये व धन्यवाद पत्रों का निर्माण किया गया।

आभार दिवस के दिन सभी समूह प्रातः भिन्न–भिन्न स्थानों पर गये तथा व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया।

समूह 1ः–डाकघर देहरादून
समूह 2ः–पुलिस स्टेशन मयूरविहार
समूह 3ः–ट्रैफिक पुलिस सर्वेचौक
समूह 4ः–नगरनिगम कर्मचारी

समूह 5ः—प्राथमिक चिकित्सालय
समूह 6ः—मालसी जू व हॉकर आदि।

इसके पश्चात सभी संस्थान में उपस्थित हुए तथा कार्यक्रम का आयोजन हुआ, इस कार्यक्रम में आभार दिवस पर चर्चा हुई। इसके पश्चात हमारे संस्थान के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों एवं सफाई कर्मियों का आभार व्यक्त किया गया, जिनकी संस्थान संचालन में प्रमुख भूमिका है, उन्हें उपहार वितरित किये गये एवं सभी के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गयी।